पौष कृष्ण - 5 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 174 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 18-01-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 सिर्फ भाजपा में ही साधारण सदस्य पार्टी अध्यक्ष बन सकता है : हिमंत

6 धर्म बाँटने की नहीं बल्कि जोड़ने की जीवन पद्धति

4 बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता : भजनलाल

## फर्स्ट टेक

### 40 से अधिक पाकिस्तानियों के डूबने की आशंका

**इस्लामाबाद/भाषा।** स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे 80 प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के मोरक्को के पास समुद्र में पलट जाने से 40 से अधिक पाकिस्तानियों के मारे जाने की आशंका है। प्रवासी अधिकार समूह 'वॉकिंग बॉर्डर्स' ने बृहस्पतिवार को कहा कि डूबने वाले प्रवासियों की संख्या 50 हो सकती है। मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले एक नौका से 36 लोगों को बचाया था जो 66 पाकिस्तानियों सहित 86 प्रवासियों को लेकर दो जनवरी को मॉरिटानिया से रवाना हुई थी।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बिकाऊ नेता

जिनको जनता ने चुना कभी,
जारी है उनकी भी खरीद।
निज दल उनको अब रिझा रहे,
पर दल के ना होवें मुरीद।
अवसरवादी नेताओं की,
बिन चन्द्र रही हर वक्त ईद।
पद पैसा मिलने पर करते,
जनमत के आगे सदा लीद।।



## राष्ट्रपति ने पारंपरिक समारोह में दिये राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर और शतरंज विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने चमक बिखेरी लेकिन शुक्रवार को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये तो सबसे ज्यादा तालियां पैरा एथलीटों को मिली।

मनु और गुकेश के साथ भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंचीकूद के खिलाड़ी प्रवीण कुमार को भी देश का सर्वोच्च खेल सम्मान प्रदान किया गया।

बाईस वर्ष की भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

हरमनप्रीत टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक में वह टीम के कप्तान भी थे। दूसरी ओर बायें पैर में विकार के साथ पैदा हुए प्रवीण ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता और पेरिस में उसे स्वर्ण में बदला।

अठारह बरस के गुकेश सबसे युवा विश्व चैम्पियन बने जिन्होंने पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराया। वह विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। वह पिछले साल सितंबर में शतरंज ओलंपियाड में भारत की खिताबी जीत में भी सूत्रधार थे।

इस बार 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिये गए जिनमें से 17 पैरा एथलीट हैं।

अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह और पुरूष हॉकी टीम के सदस्य जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं।

## भारत वाहन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रमुख स्थल : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत वाहन क्षेत्र में आगे बढ़ने को इच्छुक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। उन्होंने साथ ही निवेशकों को हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन भी दिया।

प्रधानमंत्री ने यहां भारत मंडपम में वैश्विक वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल की ताकत देश के वाहन उद्योग की विकास संभावनाओं को बढ़ावा देती है। दशक के अंत तक ईवी की बिक्री आठ गुना होने वाली है।

मोदी ने कहा कि सरकार एक ऐसी परिवहन प्रणाली पर काम कर रही है जो अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण के अनुकूल होगी। साथ ही यह प्रणाली जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल, डीजल आदि) के आयात 'बिल' को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल ने वाहन उद्योग के विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।

इस पहल को पीएलआई (उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन) योजना से बढ़ावा मिला है। इससे इस क्षेत्र में 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री में मदद मिली है। इस योजना से वाहन क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से 1.5 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, '' यात्रा में सुगमता भारत की एक बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया था। कई लेन वाली सड़कों और राजमार्गों के नेटवर्क का विस्तार किया गया है।'' उन्होंने कहा कि भारत का वाहन उद्योग बेहतरीन होने के साथ भविष्य के लिए तैयार है।

## बेंगलूरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन

**बेंगलूरु।** अमेरिका ने शुक्रवार को बेंगलूरु में अपना वाणिज्य दूतावास खोला। इसे भारत-अमेरिकी राजनयिक संबंधों में अहम पढ़ाव माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसको मील का पत्थर बताया। उद्घाटन समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, बेंगलूरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन एक मील का पत्थर है, जो बेंगलूरु और कर्नाटक के लोगों की पुरानी मांग को पूरा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इस मांग को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए हैं। यह वाणिज्य दूतावास कर्नाटक के लोगों को वैश्विक आकांक्षाओं से जुड़ने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान करेगा।






# दिल्ली चुनावः भाजपा के घोषणा पत्र के केंद्र में महिलाएं, 2500 रुपए मासिक सहायता सहित किए कई वादे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र-1 जारी किया, जिसके केंद्र में महिलाओं को रखते हुए 2,500 रुपए की मासिक सहायता और गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए की आर्थिक मदद सहित कई वादे किए गए हैं।

पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने पर 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2,500 रुपए पेंशन देने का भी वादा किया है। पार्टी ने घोषणा की कि यदि वह दिल्ली की सत्ता में आती है तो आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखेगी और उन्हें ज्यादा कारगर तरीके से लागू करेगी।

राजधानी दिल्ली के पंडित पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र-1 जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि यह 'विकसित दिल्ली' की नींव रखने वाला है। उन्होंने कहा, ''विकसित दिल्ली के लिए भाजपा के संकल्प में महिलाओं के सशक्तीकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है।'' अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा




कि उनकी पार्टी की सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के सभी आरोपों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिला समृद्धि योजना (2500 रुपए प्रति महीने) और आयुष्मान भारत योजना लागू करने को मंजूरी दी जाएगी।

नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली के लोगों को राज्य सरकार की तरफ से पांच लाख रुपए का अतिरिक्त स्वास्थ्य कवर भी दिया जाएगा। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाता है।

उन्होंने कहा, ''यानी कुल 10 लाख रुपए का हेल्थ कवर दिल्लीवासियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलेगा।'' उन्होंने आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक को 'भ्रष्टाचार का अड्डा' और लोगों की आंखों में 'धूल झोंकने' वाला कार्यक्रम करार दिया और कहा कि इसमें भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने दावा किया, ''इनके मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी लैब टेस्ट हुए हैं और 300 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। हमारी सरकार आने पर इन सबकी पूरी तरह से जांच की जाएगी।''

भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। नड्डा ने कहा, ''दिल्ली में जो जन कल्याण की योजनाएं चल रही हैं, वह सारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी। उन सभी योजनाओं का ज्यादा कारगर तरीके से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और उन्हें भ्रष्टाचार से मुक्त और लोक कल्याण युक्त किया जाएगा।''

आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने 200 यूनिट तक की मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त पानी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा समेत कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

हाल ही में उसने सत्ता में वापस लौटने पर महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को प्रतिमाह 2,100 रुपए देने की घोषणा की।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.47 अरब डॉलर घटकर 536.01 अरब डॉलर रह गईं।डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 79.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.88 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 17.78 अरब डॉलर रहा।

## सरकार ने आरआईएनएल पुनरुद्धार योजना के लिए 11,440 करोड़ रुपए की मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्ज के बोझ से दबी राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) के लिए 11,440 करोड़ रुपए की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। एक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आरआईएनएल के लिए 11,440 करोड़ रुपए की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक बयान में कहा है कि निवेश में आरआईएनएल में शेयर पूंजी के रूप में 10,300 करोड़ रुपए और 1,140 करोड़ रुपए के कार्यशील पूंजी ऋण को सात प्रतिशत गैर-संचयी तरजीही शेयर पूंजी के रूप में परिवर्तित करना शामिल है। इसे 10 वर्षों के बाद भुनाया जा सकेगा, ताकि आरआईएनएल को चालू हालत में रखा जा सके। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस पुनरुद्धार पैकेज से आरआईएनएल की कई पुरानी समस्याएं हल हो जाएंगी। आरआईएनएल में 10,300 करोड़ रुपए की शेयर पूंजी निवेश से उसे कार्यशील पूंजी जुटाने से संबंधित परिचालन संबंधी समस्याओं को दूर करने और सबसे अधिक उत्पादक तरीके से ब्लास्ट फर्नेस परिचालन शुरू करने में मदद मिलेगी।

## खाद्य कीमतों पर रखी जा रही कड़ी नजरः केंद्र

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों और उनकी उपलब्धता पर कड़ी नजर रख रही है। इस पहल का मकसद खाद्य वस्तुओं को उपभोक्ताओं की पहुंच में बनाये रखना और स्थिर मूल्य व्यवस्था को कायम रखना है।

आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और उसकी कम कीमत सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन तथा आयात एवं निर्यात नीतियों को प्रोत्साहित करने जैसे उपाय किए जा रहे हैं।

खाद्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, ''केंद्र, उपभोक्ताओं और किसानों के हित में मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए समय पर और पहले से ही निर्णय ले रहा है।''

अच्छी बारिश और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में दालों और प्याज का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में अरहर का उत्पादन 2.5 प्रतिशत बढ़कर 35.02 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 34.17 लाख टन था। कृषि मंत्रालय ने अरहर की खरीद के लिए मंजूरी दी है। अधिक बुवाई के कारण खरीफ और देर से आने वाले खरीफ प्याज का उत्पादन अच्छा रहने का अनुमान है। इसी तरह, रबी प्याज की बुवाई भी अच्छी चल रही है। खाद्य मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में घटकर 8.39 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 10.87 प्रतिशत थी।

## घरेलू मांग में तेजी से आर्थिक वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीदः आरबीआई बुलेटिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** घरेलू मांग में तेजी लौटने से देश की आर्थिक वृद्धि में मजबूती आने की उम्मीद है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी होने से स्थिति पर सावधानीपूर्वक नजर रखने की जरूरत है। शुक्रवार को जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में यह कहा गया।

जनवरी के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि 2025 के लिए आर्थिक परिदृश्य अलग-अलग देशों में भिन्न-भिन्न हैं। इनमें अमेरिका में गति में कुछ कमी, यूरोप और जापान में कमजोर से लेकर मध्यम सुधार, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में उभरते और विकासशील देशों में अधिक मध्यम वृद्धि तथा मुद्रास्फीति में धीरे-धीरे कमी की स्थिति शामिल है। इसमें कहा गया, महत्वपूर्ण आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की उम्मीद है। यह एनएसओ के पहले अग्रिम अनुमानों में इस अवधि के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि के आंकड़े से भी पता चलता है।''

इसमें कहा गया है कि लगातार दूसरे महीने दिसंबर में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति में कमी आई है। हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रहने के कारण स्थिति पर सावधानीपूर्वक नजर रखने की आवश्यकता है।

यह लेख माइकल पात्रा की अगुआई वाली टीम ने लिखा है। उनका विस्तारित कार्यकाल इस महीने समाप्त हो गया।



## एथलीट देश के लिए ओलंपिक पदक लाएं : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। एथलीट, कोच और खेल विभाग कोई भी धन-विशेषाधिकार मांगते हैं। मैं दूंगा लेकिन मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने राज्य के खिलाड़ियों से ओलंपिक में देश के लिए पदक लाने का आह्वान किया। उन्होंने संयुक्ताश्रय में युवा एवं खेल विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कर्नाटक गेम्स 2025 का उद्घाटन करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि खेलक्षेत्र और खिलाड़ी अच्छे प्रोत्साहन और आवश्यक मंच से ही आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि कैबिनेट राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले एथलीटों को उपस्थिति और अन्य रियायतें देने पर चर्चा करेगी और निर्णय लेगी। इसी मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अगले बजट में वह मंगलूरु और उडुप्पी स्टेडियमों के उन्नयन के लिए 3-3 करोड़ रुपये आवंटित करेंगे। राज्य सरकार के सभी विभागों में खाली पदों को भरने के दौरान 2 फीसदी नौकरियां खिलाड़ियों के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि पुलिस और वन विभाग के पदों पर 3 फीसदी नौकरियां खिलाड़ियों के लिए आरक्षित की जाएंगी। ओलिंपिक में मेडल लाने वालों को 6 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

हम एशियाई खेलों और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को नकद पुरस्कार भी दे रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस प्रोत्साहन का सदुपयोग कर पदक लायें और खेल मैदान को रोशन एवं विकसित करें। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के. गोविंदराजू, जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडूराव, विधान परिषद सदस्य मंजूनाथ भंडारी, इवान डिसूजा, पूर्व मंत्री रामनाथ राय और जिले के विधायक और महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे।

## 'बड़े मियां' और 'छोटे मियां' की नूराकुश्ती में दिल्ली फुटबाल बनकर रह गई है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के साथ मिलकर 'डबल फ्रॉड' किया है तथा इस 'ऐक्ट ऑफ फ्रॉड' (जालसाजी के कृत्य) के लिए राष्ट्रीय राजधानी के लोग इन दोनों दलों को माफ नहीं करेंगे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए यह दावा भी किया कि 'बड़े मियां' और 'छोटे मियां' की नूराकुश्ती में दिल्ली फुटबाल बनकर रह गई है।

खेड़ा ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव में घोषित विभिन्न गारंटी का उल्लेख किया और कहा कि चुनावी वादों को सिर्फ उनका दल ही पूरा कर सकता है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होना है। मतगणना आठ फरवरी को होगी।




## एमजी मोटर ने दो नए मॉडलों के साथ किफायती लक्जरी खंड में कदम रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने शुक्रवार को दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के साथ किफायती लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में कदम रखने की घोषणा की।

कंपनी ने यहां आयोजित वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' के पहले दिन भारत की पहली पूर्ण-इलेक्ट्रिक रोडस्टर 'एमजी साइबरस्टर' और तीन कतार वाली पहली इलेक्ट्रिक लिमोसिन 'एमजी एम9' का अनावरण किया। इन दोनों मॉडलों को इसी साल बाजार में उतारे जाने की योजना है।

कंपनी ने अपने नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सेलेक्ट के तहत इन नए मॉडलों को सार्वजनिक रूप से पेश किया।

इस अवसर पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक पार्थ जिंदल ने पीटीआई-भाषा से कहा, आज भी भारत में ईवी की पहुंच बहुत कम है। यह कुल बाजार का सिर्फ दो से 2.2 प्रतिशत है। हम इस अनुपात को वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम हर तीन से छह महीने में नए उत्पाद लाने और इस खंड का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने कहा कि एमजी साइबरस्टर और एम9 मॉडल पेश होने के साथ उसके पास जल्द ही सबसे बड़ा ईवी पोर्टफोलियो होगा। एमजी विंडसर, एमजी कॉमेट और एमजी जेडएस पहले से ही इसके ईवी बेड़े में शामिल हैं।




## आज के बच्चे आधुनिक, विकसित भारत के निर्माता हैं : राज्यपाल गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेल्लारी। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि आज के बच्चे आधुनिक और विकसित भारत के निर्माता हैं। इसलिए, उनकी शिक्षा, कल्याण और उनमें नैतिक गुणों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। वह शुक्रवार को बल्लारी जिले में एसबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तहत नए संस्थानों के उद्घाटन समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए।

राज्यपाल ने ब्रुंडा नेशनल पब्लिक स्कूल (सीबीएसई), ब्रुंडा पीयू कॉलेज, ब्रुंडा डिग्री कॉलेज और स्कंद इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का उद्घाटन किया और अंकुरम-2025 कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में विधायक जनार्दन रेड्डी और पूर्व विधायक एसटी सोमशेखर रेड्डी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करते हुए कहा, शिक्षा जीवन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हर क्षेत्र में फायदेमंद है और व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में सक्षम बनाती है। शिक्षा हमें विचारों को व्यक्त करने की क्षमता देती है, और यह जीवन भर की संपत्ति है जिसे न तो चुराया जा सकता है और न ही बर्बाद किया जा सकता है।

स्वामी विवेकानन्द को उद्धृत करते हुए, राज्यपाल ने दर्शकों को याद दिलाया, हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो चरित्र का निर्माण करती हो, मानसिक विकास को बढ़ावा देती हो, बुद्धि का विकास करती हो और व्यक्तियों को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए सशक्त बनाती हो। जैसा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल हो गया.' मैं युवा पीढ़ी से आग्रह करता हूं कि वे उनके मार्गदर्शन का पालन करें और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।''

छात्रों को संबोधित करते हुए, थावरचंद गहलोत ने कहा, यहां का हर कोना, हर कक्षा और हर गतिविधि आपके विकास के लिए समर्पित है। हर दिन की शुरुआत नई सीख के साथ करें और कभी भी असफलता से न डरें, क्योंकि यह आपको मजबूत बनाती है। राज्यपाल ने शिक्षा को कौशल और नैतिक मूल्यों के साथ एकीकृत करने के उनके प्रयासों की सराहना करते हुए एसबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दृष्टिकोण पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने बेहतर भारत को आकार देने की उनकी यात्रा के लिए संस्थानों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में छात्रों, शिक्षकों और प्रमुख हस्तियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार अवसर बन गया।

## मुख्यमंत्री नायडू दूरदर्शिता और विकास दरों के नाम पर समय काट रहे : वाई एस शर्मिला

**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने तथा दूरदर्शिता एवं विकास दर की आड़ में समय काटने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस समिति की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला ने शुक्रवार को इस बात पर बल दिया कि विशेष श्रेणी का दर्जा (एससीएस) राज्य के लिए एकमात्र उपाय है। विपक्षी नेता ने कहा कि राज्य के समक्ष मौजूद सभी कठिनाइयों के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा (एससीएस) ही एकमात्र उपाय है, चाहे वह विकास का मुद्दा हो या धन प्राप्ति का या उद्योग स्थापित करने का या युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मुद्दा हो। शर्मिला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लोगों ने आप पर (नायडू पर) भरोसा किया और आपको वोट देकर सत्ता में पहुंचाया लेकिन आपने दूरदर्शिता एवं विकासदर की आड़ में समय बिताने के लिए वादों को दरकिनार कर दिया।'' शर्मिला की यह टिप्पणी नायडू के 'स्वर्णआंध्र 2047 विज़न' तथा हाल में जारी जीएसडीपी वृद्धि अनुमान के मद्देनजर आई है, जिसमें वार्षिक वृद्धि दर 15 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

## ग्लेशियरो, पेड़-पौधों और प्रकृति की रक्षा के लिए मतदान करना होगाः सोनम वांगचुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों से पर्यावरण के मुद्दों पर मतदान करने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि ग्लेशियरों को पिघलने से रोकने, पौधों को बचाने और प्रकृति मां की रक्षा के लिए वोट डाला जाना चाहिए।



लद्दाख के छात्रों के शैक्षिक और सांस्कृतिक आंदोलन के संस्थापक-निदेशक, 58 वर्षीय हरित कार्यकर्ता वांगचुक ने बृहस्पतिवार को शहर में एक कार्यक्रम में कहा, ''आदर्श रूप से, हमारे पास विधायी और संसदीय निकायों में ऐसे जनप्रतिनिधि होने चाहिए जो पर्यावरण और जलवायु मुद्दों पर निरंतर और अधिक सक्रियता से काम करें।'' उन्होंने नागरिकों को ''लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करने तथा मतपत्र (ईवीएम) का उपयोग करने'' के लिए प्रोत्साहित किया। एक गैर सरकारी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'प्रकृति, लद्दाख और जलवायु परिवर्तन पर चिंतन: सोनम वांगचुक के साथ बातचीत' में वांगचुक से पूछा गया कि क्या वे अपने हरित मिशन में किसी राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे? उन्होंने कहा ''मैं कहूंगा कि अगर (पर्यावरण को बचाने में) कोई बदलाव नहीं होता है, तो सरकार को बदलना होगा।


लेकिन हर पार्टी को हरित पार्टी में बदलना चाहिए, बजाय इसके कि लोग व्यक्तिगत रूप से किसी बड़े राजनीतिक नेता से संपर्क करें। यही हमारा मिशन होना चाहिए।''

## बसपा ने दिल्ली के लिए 70 प्रत्याशियों की घोषणा की

**नई दिल्ली/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। बसपा के केंद्रीय समन्वयक नितिन सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''इस सूची में प्रमुख अनुभवी नेता और नए चेहरे दोनों हैं।'' उन्होंने कहा, ''लाल सिंह गोकलपुर से, सुंदर लोहिया घोंडा से, मुकेश कुमार कोंडली से और हमारे प्रमुख चेहरों में से एक जुगवीर सिंह किराड़ी सीट से चुनाव लड़ेंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने कई नए उम्मीदवारों को अवसर दिया है तथा ऐसा करके जमीनी मुद्दों को सुलझाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया है। यह घोषणा नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन की गई। दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव है। परिणाम की घोषणा आठ फरवरी को की जाएगी।

# लॉस एंजिलिस में जल्द खोला जाएगा भारतीय वाणिज्य दूतावास : जयशंकर



## बेंगलूरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का हुआ उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका से बेंगलूरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने का अनुरोध किया था और लॉस एंजिलिस में एक भारतीय राजनयिक मिशन खोलने का वादा किया है। वह भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास खोले जाने से जुड़े एक समारोह में भाग लेने के लिए शुक्रवार को बेंगलूरु में हैं। यहां यह वाणिज्य दूतावास जल्द ही काम करना शुरू कर देगा। जयशंकर ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण ''उपलब्धि'' बताया।

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने संबोधन में कहा कि बेंगलूरु स्थित वाणिज्य दूतावास फिलहाल वीजा सेवाएं प्रदान नहीं करेगा। जयशंकर ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीजा परिचालन यथाशीघ्र शुरू हो। उन्होंने कहा, ''जब मैं (अगले) विदेश मंत्री (मार्को) रुबियो से मिलने जाऊंगा तो मेरे लिए चर्चा का यह पहला विषय होगा। हम इसे जितनी जल्दी पूरा कर लेंगे, उतना ही बेहतर होगा।''

जयशंकर ने आंकड़ों का हवाला देते हुए अमेरिका से अपील की कि वह यथाशीघ्र बेंगलूरु से वीजा जारी करना शुरू करे। उन्होंने कहा, मैं आंकड़े देख रहा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ कि पिछले साल, आरपीओ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) बेंगलूरु ने 8,83,000 पासपोर्ट जारी किए। यह सिर्फ एक साल का आंकड़ा है। हिसाब लगाकर देखिए और आप पाएंगे कि यात्रा को सुचारू बनाना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां से हर हफ्ते सैन फ्रांसिस्को के लिए तीन उड़ानें हैं।

जयशंकर ने कहा, ''उम्मीद है कि अगर बोइंग और एयरबस अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो और भी बहुत कुछ होगा। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु में वाणिज्य दूतावास की लंबे समय से मांग थी। उन्होंने कहा, पहला, मेरा मानना है कि बेंगलूरु इसका हकदार था और इसकी उम्मीद भी थी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बेंगलूरु का इतना महत्वपूर्ण स्थान है कि मेरे लिए यह जरूरी है कि यहां अमेरिकी राजनयिकों की स्थायी उपस्थिति हो।'' विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि ''पिछले पांच सालों में जब भी वह इस शहर में आए हैं, यहां हमेशा कोई



न कोई उनसे पूछा करता था, तो, वह वाणिज्य दूतावास कब खुल रहा है?'' उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि यह (मांग) वास्तव में समाज के हर वर्ग से थी। यह व्यवसायियों की ओर से थी, यह प्रौद्योगिकी जगत की ओर से थी, यह शिक्षाविदों की ओर से थी। यह उन लोगों से भी थी जिनसे आप किसी रेस्तरां में मिलते हैं।'' विदेश मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान बेंगलूरु में वाणिज्य दूतावास खोलने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि वाणिज्य दूतावास खुलने से रक्षा एवं शिक्षा क्षेत्र में साझेदारी नयी ऊंचाई पर पहुंचेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन एक और संकेत है कि हम इतिहास की झिझक पर काबू पा रहे हैं। अब यह हमारी पहुंच में है, संभावना के दायरे में है, कि हम भारत-अमेरिका संबंधों की क्षमता को पूरी तरह से महसूस कर सकें। और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि बेंगलूरु भी संबंधों में अपनी क्षमता को महसूस करे।''

गार्सेटी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बेंगलूरु में वाणिज्य दूतावास स्थापित करना भारत में उनका अंतिम कार्य होगा। गार्सेटी जल्द ही भारत में अपना कार्यभार छोड़ देंगे। गार्सेटी ने कहा, आप जानते हैं, भारत के साथ हमारा रिश्ता नया नहीं है। दुनिया में हमारा दूसरा वाणिज्य दूतावास यहीं भारत में था। 1776 में अमेरिका की स्वतंत्रता के बाद, हमने फ्रांस के ल्योन में एक वाणिज्य दूतावास खोला और फिर दूसरा कोलकाता में खोला, जो उस समय एक नए अमेरिकी राष्ट्र के लिए भारत के महत्व को दर्शाता था। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि बेंगलूरु में वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन वैश्विक मंच पर कर्नाटक के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। शिवकुमार ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को धन्यवाद देता हूं। जयशंकर के पिता बेंगलूरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष रह चुके हैं। आज वो यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारे आईटी और बीटी उद्योग मंत्री ने भी इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिवकुमार ने कहा, भारत को बेंगलूरु के माध्यम से देखा जाता है। यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और पवित्र दिन है। हम लंबे समय से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बेंगलूरु में लाने का प्रयास कर रहे थे। कर्नाटक में दिवंगत एस.एम. कृष्णा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन के बाद अमेरिकी वाणिज्य दूतावास लाने के प्रयास शुरू किए गए थे।



बेलगावी में सम्मेलन स्थल का निरीक्षण करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला एवं कर्नाटक के वरिष्ठ नेतागण।

# रणदीप सुरजेवाला ने बताया 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली का उद्देश्य, भाजपा पर साधा निशाना

## 21 जनवरी को विशाल रैली बेलगावी में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कर्नाटक में बेलगावी के सांबरा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत की और बताया कि कांग्रेस 21 जनवरी से जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली का आयोजन करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने बताया कि बेलगाम (बेलगावी) की ऐतिहासिक भूमि और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जुड़ाव आज से नहीं दशकों से बना है। उन्होंने बताया कि एक बार फिर 21 जनवरी को 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली का आयोजन बेलगाम के अंदर होगा। इस रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी और पूरे देश का कांग्रेस नेतृत्व एक बार फिर इसमें हिस्सेदारी करेगा।

उन्होंने बताया कि इस रैला का आयोजन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि जिस प्रकार से 17 दिसंबर, 2024 को संसद के पटल पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया, बल्कि उनके विचारों को मानने वाले हर व्यक्ति का मजाक उड़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार संविधान पर और संविधान के समस्त अधिकारों पर हमला बोल रही है। देश में गरीब और अमीर की खाई अब ना पाटने वाली वन गई है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आए दिन संवैधानिक अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचल रही है। इसीलिए 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली 21 जनवरी को बेलगाम में होगी। फिर 27 जनवरी को बाबासाहेब अंबेडकर के जन्म स्थान मऊ (मध्य प्रदेश) में होगी।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक तरफ ये बाबा साहेब का अपमान करते हैं, दूसरी तरफ दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के अधिकारों को छीनते हैं। इसलिए आज पूरे देश में महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों पर चलते हुए एक नई क्रांति का सूत्रपात करने की जरूरत है। इसलिए एक बार फिर जो आवाज बेलगाम से उठेगी, वह देश की राजनीति को एक नई दशा और दिशा देगी। रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री सतीश जारकीहोली, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष जी सी चंद्रशेखर और अन्य ने 21 तारीख को बेलगाम में होने वाले जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मेलन के संबंध में शुक्रवार को बेलगाम में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रारंभिक तैयारी बैठक में भाग लिया।

# पैलेस ग्राउन्ड में ब्राह्मणों का विशाल जमावड़ा; हजारों शुक्ल यजुर्वेद कण्व ब्राह्मण भाग लेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री शुक्र यजुर्वेद कण्व ब्राह्मण समाज ने स्पष्ट किया है कि 18 जनवरी को पैलेस ग्राउंड में आयोजित होने वाले अखित कर्नाटक ब्राह्मण सम्मेलन में शुक्र यजुर्वेद कण्व समाज के हजारों ब्राह्मण भाग लेंगे। कल होने वाले ब्राह्मण सम्मेलन में एक लाख लोग भाग लेंगे।

शुक्ल यजुर्वेद कण्व ब्राह्मण समुदाय से जुड़े कण्व मठ के पांच महास्वामी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। अगड़ी के गुरुदत्त स्वामी, लोकपुरा के ब्रह्मानंद स्वामी, मुरुगोद स्वामी और सिंदगी मठ के स्वामी मौजूद रहेंगे। अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा द्वारा 2023 में श्रृंगेरी में शुक्ल यजुर्वेद सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में महासभा के अध्यक्ष अशोक हरनहल्ली की अध्यक्षता में पांच से छह हजार लोगों ने भाग लिया था।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# दो सुरक्षागार्ड की हत्या के बाद 93 लाख रुपये लूटकर चंपत होने वाले दो लुटेरे पहचाने गए : गृह मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि 16 जनवरी को बीदर में दो सुरक्षागार्ड की हत्या करने के बाद एसबीआई के एक एटीएम में भरने के लिए रखे गए 93 लाख रुपये लूटने वाले दो लुटेरों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लुटेरों को गिरफ्त में लेने के प्रयास जारी हैं और पुलिस की टीम मध्य प्रदेश के इंदौर तथा अन्य संभावित स्थानों पर गई है जहां लुटेरे हो सकते हैं। परमेश्वर ने कहा, दोनों की पहचान कर ली गयी है। उनकी तलाश की जा रही है। उनके अनुसार हमलावर गुनाह करने के बाद हैदराबाद भाग गये। उन्होंने बताया कि लुटेरे नकदी से भरा ट्रंक लेकर मोटरसाइकिल से भाग गए।



परमेश्वर ने बताया कि एसबीआई ने एटीएम में नकदी भरने का काम हैदराबाद की एक कंपनी को सौंप रखा है। मंत्री ने कहा, ''आमतौर पर जब इतनी बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जाती है तो बंदूकधारी साथ होते हैं। दुर्भाग्य से, कल वाहन में कोई बंदूकधारी नहीं था।''

उन्होंने कहा कि लुटेरों ने नकदी को ले जाने की व्यवस्था पर बहुत लंबे समय तक नजर रखी होगी और फिर अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि लुटेरों ने बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय शहर बीदर में एसबीआई के एटीएम में भरने के लिए रखी गई नकदी लूटने से पहले दो सुरक्षा गार्ड गिरी वेंकटेश और शिवा काशीनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक ये दोनों गार्ड सीएमएस एजेंसी के कर्मचारी थे। वे पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नकदी भरने के लिए व्यस्त शिवाजी चौक पर स्थित एटीएम में आए थे। सूत्रों ने बताया कि लुटेरों ने आठ गोलियां चलायीं।

# कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नेतृत्व क्षमता होने की जरूरत : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि उनके पास कांग्रेस की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष पद है जिसे महज प्रबल इच्छा से प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को राज्य के हर घटनाक्रम की जानकारी है और उन्हें इन चीजों के बारे में पार्टी नेतृत्व (खरगे) को जानकारी देने की जरूरत नहीं है। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैंने पदों की तलाश नहीं की थी। ये ऐसी भूमिकाएं हैं जो नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमताओं के बलबूते अर्जित की जाती हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी में ऐसे पदों की पेशकश इन्हीं गुणों के आधार पर की जाती है। मैं दूसरी पार्टियों के बारे में नहीं कह सकता।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की चर्चाएं मीडिया में नहीं होनी चाहिए, क्योंकि पार्टी उनसे निपट लेगी।



शिवकुमार ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे कर्नाटक से हैं और वह पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं तथा प्रखंड(ब्लॉक) अध्यक्ष से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, ''उनके (खरगे के) आंख-कान खुले हैं और वह हर घटनाक्रम से अवगत हैं। मुझे उनसे इस बारे में चर्चा करने की जरूरत नहीं है।''

शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदले जाने के बारे में पार्टी में चल रही चर्चा का मुद्दा (केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष) उठाया है तो उन्होंने कहा कि उसकी जरूरत ही नहीं है क्योंकि उनके (खरगे के) पास पहले से सारी सूचनाएं हैं। शिवकुमार का बयान ऐसे समय में आया है जब लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली ने यह कहते हुए पूर्णकालिक प्रदेश अध्यक्ष की मांग की है कि मंत्री पार्टी एवं संगठन के कामकाज को वक्त नहीं दे पाते हैं।



# स्वास्थ्य लाभ के लिए सरकारी अस्पतालों में आएं अमीर लोग : मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने घोषणा की है कि बीपीएल राशन प्राप्तकर्ताओं के परिवार के सदस्यों को अब मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। राशन कार्ड धारकों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश पहले ही जारी किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा कि एपीएल राशन पाने वालों को भी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रियायती दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की सलाह दी गई है। दरें उनके परिवारों की आर्थिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए तय की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गरीब लोग भी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पांच हजार मरीज लाइन में लगे हैं।

हमारे पास कुशल डॉक्टरों की टीम है जो डोनर मिलने पर हर दिन किडनी ट्रांसप्लांट करते हैं। हमारा लक्ष्य हर जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलना है। हालांकि निजी मेडिकल अस्पताल हैं, लेकिन चरणबद्ध तरीके से हर जगह सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। सरकारी अस्पतालों में भी निजी अस्पतालों के समान साफ-सफाई और रखरखाव के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

शुक्रवार को यहां राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय के शिलान्यास समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सुझाव दिया है कि हमारे जैसे अमीर लोगों और राजनेताओं को सरकारी अस्पतालों में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्यक्रम विकसित किया जाना चाहिए। सरकार समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्यक्रम तैयार कर रही है। राजीव गांधी विश्वविद्यालय एशिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय है, जिसमें साढ़े तीन लाख मेडिकल छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के लिए आसानी से सुलभ बनाने तथा गरीबों को देश में सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए और अधिक शोध किए जाने का आह्वान किया।

## अभिनेता विजय की पार्टी ने उपचुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की

चेन्नई। अभिनेता-राजनीतिक नेता विजय के नेतृत्व वाली तमिझगा वेत्री कषगम ने शुक्रवार को कहा कि वह पांच फरवरी को इरोड पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव का बहिष्कार करेगी। कुछ दिन पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक, भाजपा और डीएमडीके ने भी यही रुख जाहिर किया था।

दक्षिण पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना सं: SG/SWR/PROJ/UBL 5LCs दिनांक: 09.01.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| हुबली विभाग पर जिनमें 30000 से अधिक टीवीयू हैं, 5 एलसी गेट के लिए इंटरलॉकिंग की प्रावधान। | रु. 5,69,09,256.38 |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 04.02.2025, 15.00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में कोई शुद्धीपत्र के लिए वेबसाइट को संदर्शन करते रहें
विभागीय सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर परियोजना, हुबली
PUB/711/AAF/PRB/SWR/2024-25
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRRLY

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं. सीएओ/सीएन/बीएनसी/ईपीसी/46/2025 दिनांक 09.01.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| कार्य की मद | अनुमानित मूल्य |
|---|---|
| तुमकुरू स्टेशन पर सिविल कार्यो, सिग्नल एवं टेलीकम्यूनिकेशन कार्यो और इलेक्ट्रिकल जनरल सेवाओं सहित तुमकुरू स्टेशन पुनर्विकास के लिए तुमकुरू स्टेशन पुनर्निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं निर्माण समझौता। (निविदा संदर्भ सं.: टीके-एसटीएन-डेवलप-ईपीसी) | रु. 74,97,63,438/- |

निविदाएँ जमा करने की अंतिम तिथि 10.04.2025 को 15.00 बजे तक
विस्तृत विवरणों के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in
उप मुख्य अभियंता/निर्माण/वर्क्स, बेंगलूरु छावनी
PUB/706/AAD360/PRB/SWR/2024-25
South Western Railway - SWR SWRRLY SWRRLY

केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)
पोस्ट बॉक्स स. 8066, प्रो. सर सी. वी. रामन रोड, सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूरु - 560 080
विज्ञापन स. सीपीआरआई/11/2024
सीपीआरआई निम्नलिखित पदों को प्रत्यक्ष भर्ती के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | पदों की संख्या | 7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर | आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 3 | 6 | स्तर - 11 (रु. 67,700 - 2,08,700) | 40 वर्ष |

इच्छुक अभ्यर्थी पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता, आरक्षण, अनुभव, आवेदन प्रारूप, महत्वपूर्ण निर्देश आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए सी पी आर आई की वेबसाइट https://cpri.res.in के करियर पेज देख सकते हैं।
CBC 34104/12/0012/2425
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी





# प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चिकित्सक संवेदनाओं के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वस्थ राजस्थान की हमारी संकल्पना को साकार करने में अहम भागीदारी निभा रहे हैं। प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना पर काम करते हुए उत्कृष्ट एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा आगामी बजट के लिए इनके द्वारा दिए गए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी हैं। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चिकित्सा के महत्व को समझते हुए हमनें गत बजट में कुल बजट का रिकॉर्ड 8.26 प्रतिशत चिकित्सा के लिए आवंटित किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता सहित कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पिछले एक साल में अनेक कदम उठाए गए हैं। आमजन को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से 25 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए 73 डे केयर पैकेज, शिशुओं के उपचार के लिए 419 पीडियाट्रिक पैकेज, 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस उपचार जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को अधिकृत निजी सोनोग्राफी केंद्रों से सोनोग्राफी कराने की नि:शुल्क सेवा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का हैल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश में करीब 6 करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इसमें राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यकतानुसार सीएचसी, पीएचसी, एसएचसी, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निर्माण करवाया गया है। प्रदेश में 11 हजार 571 संस्थान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में क्रियाशील किए जा चुके हैं, इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के करीब 21 हजार पदों पर नियुक्ति दी हैं। चिकित्सा विभाग में लगभग 50 हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य है, जिसे हम जल्द पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए ई-संजीवनी के माध्यम से टेलीमेडिसिन की सुविधा, 1 लाख 67 हजार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गई है। राज्य को टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लिए 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान आयोजित किया जा रहा है।

# 'नीट' की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या, कोटा में इस साल खुदकुशी का तीसरा मामला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा शहर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे ओडिशा के 18 वर्षीय एक छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह घटना बृहस्पतिवार रात विज्ञान नगर के आंबेडकर कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, ओडिशा के मयूरभंज जिले का रहने वाला अभिजीत गिरी अप्रैल 2024 से नीट की तैयारी कर रहा था और उसने यहां के एक कोचिंग संस्थान में प्रवेश लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना उस वक्त सामने आई जब रात करीब आठ बजे भोजनालय का एक कर्मचारी अभिजीत के कमरे में खाना देने गया।

सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) लाल सिंह तंवर ने कहा कि कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर कर्मचारी ने छात्रावास के कुछ छात्रों के साथ जबरन दरवाजा खोला। दरवाजा खुलने पर अभिजीत का शव पंखे से बंधे एक फंदे से लटका पाया गया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, जो छात्र के परिवार के आने के बाद किया जाएगा। एएसआई ने कहा कि परिजनों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि छात्रावास के कमरे में छत का पंखा आत्महत्या रोकथाम उपकरण से सुसज्जित नहीं था, जबकि जिला प्रशासन ने छात्रावासों में आत्महत्या को रोकने के लिए इस उपकरण के लगाए जाने को अनिवार्य किया था।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि अभिजीत पढ़ाई में अच्छा था और नियमित रूप से कोचिंग कक्षाओं में जाता था। कोटा में इस साल किसी कोचिंग छात्र द्वारा की गई आत्महत्या की यह तीसरी घटना है। कोचिंग संस्थानों के लिए एक प्रमुख केंद्र रूप में उभरे कोटा में 2024 में खुदकुशी के ऐसे 17 मामले सामने आये थे।



# देश के एनर्जी ट्रांजिशन में राजस्थान दे रहा सर्वाधिक योगदान : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अक्षय ऊर्जा को दिए जा रहे प्रोत्साहन से देश के ऊर्जा परिदृश्य में तेजी से बदलाव आया है। भारत वर्ष-2070 तक गैर जीवाश्म आधारित स्रोतों से शत-प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन की अपनी प्रतिबद्धता की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। देश के इस एनर्जी ट्रांजिशन में राजस्थान का सर्वाधिक योगदान होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला शुक्रवार को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भारत सोलर एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय में राजस्थान ने सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है और हम आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं।

बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हुए राईजिंग राजस्थान समिट में निवेशकों का सर्वाधिक रूझान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देखने में आया। इससे स्पष्ट है कि जैसे-जैसे यह परियोजनाएं आकार लेंगी, राजस्थान सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा की अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग कर देश की ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करेगा। इससे पहले जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने राजस्थान की सौर ऊर्जा संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि फ्लोटिंग सोलर के रूप में प्रदेश के बड़े जलाशयों में भी सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं हैं।

सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना के रूप में अभूतपूर्व पहल की है। इसके माध्यम से हर घर की छत पर रूफ टॉप सोलर पैनल लग रहे हैं और आमजन सबसिडी का लाभ उठाकर सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर पा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 31 गीगावाट से अधिक हो गई है। जिसमें सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी 24 हजार 776 मेगावाट तथा पवन ऊर्जा की भागीदारी लगभग 6 हजार मेगावाट है। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना को जमीनी स्तर पर गति देने के साथ ही एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024, बैटरी स्टोरेज, पंप स्टोरेज आदि के नवाचार किए जा रहे हैं। जिसमें केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है।

राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल ने तीन दिवसीय भारत सोलर एक्सपो की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में सोलर पैनल, मॉड्यूल्स, सोलर सेल आदि का उत्पादन करने वाली एमएसएमई कंपनियों तथा सोलर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली ईपीसी कंपनियों ने स्टॉल्स के माध्यम से अपने उत्पादों, नवाचारों एवं गतिविधियों को प्रदर्शित किया है।



# शैक्षिक सम्मेलन से शिक्षकों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने का अवसर मिलेगा : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 2025 शुक्रवार को सीकर जिले के बाबा खीवादास पीजी महाविद्यालय सांगलिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शामिल होकर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में नये विचारों,योजना और नवाचारों को प्रोत्साहित करते है। उन्होंने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर द्वारा किये जा रहे इस आयोजन के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

हमेशा मानव एवं जीव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज को जागरूक किया तथा शिक्षित एवं सशक्त समाज पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक संघ अंबेडकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का कार्य निरंतर कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने हमेशा शिक्षित समाज की कल्पना की थी तथा उनके आदर्श आज भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के सम्मान में सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाए जाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य विद्यार्थी को शिखर तक ले जाना होता है। हमारी भारतीय संस्कृति में गुरु को त्रिदेव के सम्मान माना गया है। उन्होंने शिक्षक संघ की सभी समस्याओं एवं मांगों को यथासंभव पूरा करने की बात कही।

इससे पूर्व उन्होंने सांगलिया में बाबा खींवादास जी महाराज की धूनी पर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर पीठाधीश श्री श्री 108 ओम दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के पदाधिकारी आज के शिक्षक सम्मेलन में शिक्षा संबंधी सुधारों के सुझाव एवं प्रस्ताव राज्य सरकार तक पहुंचाएं ताकि शिक्षा में आवश्यक सुधार किए जा सके। उन्होंने कहा कि हम मैकाले की शिक्षा नीति से बाहर निकलकर देश की स्वदेशी गुरुकुल शिक्षा पद्धति को समझें क्योंकि यह पद्धति जीवन के हर पहलू को शिक्षित करती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में उतारकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक संत रविदास जी की तरह स्वयं को प्रतिस्थापित करें। उन्होंने शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों को नई शिक्षा नीति में आवश्यक सुधारों से संबंधित सुझाव देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें ताकि भावी पीढ़ी को शिक्षित एवं संस्कारवान बनाया जा सके। केवल पुस्तक पढ़ कर विद्या प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, जब तक विद्यार्थी आपकी बात नहीं समझेंगे तब तक शिक्षकों की मेहनत सफल नहीं होगी। इस अवसर पर शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित मांगपत्र उन्हें सौंपकर अपनी बात रखी।

# आजादी की लड़ाई से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से खिलवाड़ कर रहे हैं भाजपा के लोग : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों ने देश की आजादी की लड़ाई से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से खिलवाड़ का अभियान चलाया हुआ है। गहलोत ने 'एक्स' पर कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खरगे के बयान का हवाला दिया। खरगे ने कहा था कि जो लोग अपने इतिहास को तोड़ने-मरोड़ते हैं वे कभी इतिहास नहीं बना पाते। गहलोत के अनुसार, भाजपा-आरएसएस के लोगों ने आजादी की लड़ाई और उससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से खिलवाड़ करने का अभियान चलाया हुआ है। इतिहास और वर्तमान में तमाम ऐसे उदाहरण हैं जब सत्ता में आए एक तरह की सोच के संगठनों ने इतिहास को गलत तथ्यों से लिखने की कोशिश की पर वे इतिहासकारों की नजर में मजाक का पात्र बन गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, भगत सिंह, मौलाना आजाद समेत तमाम नेताओं का विशेष योगदान रहा, जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया और हमेशा अमिट रहेगा। इससे वे (भाजपा-आरएसएस) कितनी भी छेड़छाड़ का प्रयास करें वो सत्य को नहीं बदल पाएंगे। गहलोत ने पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान में जब जिया उल हक सत्ता में आए तो उन्होंने वहां के इतिहास का पुनर्लेखन शुरू किया और वहां की किताबों में 1971 के युद्ध में पाकिस्तान की विजयगाथा लिखवायी और ऐसा ही अब बांग्लादेश में किया जा रहा है, जहां शेख मुजीबुर्रहमान का नाम बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम से हटाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा, ऐसे प्रयासों से दुनिया में इन देशों की विश्वसनीयता ही खत्म होती जा रही है। गहलोत ने इसके साथ ही एक अन्य पोस्ट में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का मुद्दा भी उठाया।



# राष्ट्र प्रथम की सोच रखते 'विकसित भारत' का संकल्प साकार करें : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने कहा है कि 'राष्ट्र प्रथम' की सोच रखते हुए हमें 'विकसित भारत' के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। बागड़े शुक्रवार को 'द ढूँढाड़ टॉक 2025' कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र हित को अपना परम कर्तव्य मानते हुए देश के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र कोई भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि विचार है। सनातन भारत की दृष्टि उदात्त जीवन मूल्यों में हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने लिए ही नहीं सर्वस्व कल्याण की सोच रखता है, तभी सर्वांगीण विकास की ओर आगे बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों द्वारा देश को गुलाम करने के बाद औपनिवेशिक शासकों ने न केवल भारत का आर्थिक शोषण किया बल्कि इसके सामाजिक ताने-बाने को भी नष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने आजादी के बाद देश में हुई तरक्की की चर्चा करते हुए कहा कि जब राष्ट्र प्रथम होता है, तभी देश में बड़े फैसले होते है।

बागड़े ने कहा कि अटल जी जब प्रधानमंत्री थे तो परमाणु परीक्षण हुआ, डा. एमएस स्वामीनाथन के नेतृत्व में हरित क्रांति से देश की बड़ी आबादी के खाद्यान्न की व्यवस्था हुई। देश सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हुआ। उन्होंने कहा कि देश में प्रथम आम चुनाव से ही प्रत्येक वयस्क को मतदान का अधिकार है। जबकि पश्चिमी देशों में सार्वभौमिक मताधिकार पर आरंभिक असमंजस रहा। उन्होंने विविधता में एकता की भारत भूमि की विरासत का संरक्षण करते हुए विकसित राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

# यूजीसी ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों में पीएचडी कोर्स में नामांकन पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों में पीएचडी डिग्री कोर्स में विद्यार्थियों के नामांकन पर रोक लगा दी है। आयोग ने विश्वविद्यालयों के खिलाफ पीएचडी के मापदंड पूरे नहीं करने पर यह कार्रवाई की है। इससे पहले इन विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यूजीसी की स्थायी समिति ने इनमें पीएचडी कार्यक्रम के तहत नामांकन पर पांच साल के लिए रोक लगा दी है। यूजीसी के नोटिस के अनुसार, इन विश्वविद्यालयों के प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से पीएचडी कार्यक्रम में विद्यार्थियों के नामांकन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यूजीसी सचिव मनीष आर. जोशी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी नोटिस के अनुसार चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, अलवर की सनराइज यूनिवर्सिटी और झुंझुनू की सिंघानिया यूनिवर्सिटी अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 2029-30 तक पीएचडी में नामांकन नहीं ले पाएंगी।

यूजीसी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश नहीं लेने की चेतावनी दी है। आयोग की जांच में पाया गया कि ये तीनों विश्वविद्यालय पीएचडी डिग्री देने के लिए जरूरी नियमों और मानदंडों का पालन नहीं कर रहे थे। यूजीसी ने अपनी स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर यह कदम उठाया है। ओपीजेएस और सनराइज यूनिवर्सिटी विवादों में रही है।

## नेशनल कांफ्रेंस और बीजेपी कभी एक नहीं हो सकते : अब्दुल्ला

अजमेर। अजमेर में मीडिया से बात करते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और बीजेपी का एक होना कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जो नफरत फैलाते हैं, हम उनके साथ नहीं चल सकते। अजमेर में दरगाह जियारत करने पहुंचे अब्दुल्ला ने मुल्क में अमन और भाईचारे की कामना की। सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे हमले होते रहते हैं, ये कोई बड़ी बात नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने राजौरी में हुई 15 मौतों पर कहा कि वहां एक वायरस फैला हुआ है, जिसका पता लगाने का काम चल रहा है। उन्होंने इस मौके पर जम्मू-कश्मीर में बर्फ की कमी और पानी की संकट की चिंता भी व्यक्त की। अब्दुल्ला ने अपने काफिले के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में भी बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर नीलगाय के कारण उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

# अनेक इलाकों में कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और शुक्रवार को अनेक इलाकों में सुबह घने कोहरे के साथ हुई। राज्य में कई जगह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, शुक्रवार की सुबह तक बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कई जगह 'शीत दिवस' यानी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहा। आज बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में घना कोहरा छाया रहा। पूर्वी राजस्थान में कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई, वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान सिरोही में 3.8 डिग्री, सीकर में 4.0 डिग्री, पिलानी में 6.4 डिग्री, जालोर में 6.8 डिग्री, अजमेर में 6.9 डिग्री, जैसलमेर में 7.0 डिग्री और जयपुर में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।



# शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने किए सांवलिया सेठ के दर्शन

जयपुर। स्कूल शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ में विश्वप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया सेठ के दर्शन किए एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने सांवलिया सेठ की तस्वीर भेंट स्वरूप प्राप्त की। दिलावर ने इससे पूर्व भदेसर पंचायत समिति के विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया एवं सीसी सड़क की गुणवत्ता, नालियों की साफ-सफाई एवं ग्राम पंचायत में नियमित रूप से सफाई के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने भदेसर ब्लॉक के सुखवाड़ा, जेतपुरा, आक्या, नरबदिया, मंडफिया सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचे एवं साफ-सफाई सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में ग्रामीण महिलाओं से बातचीत की।

## संभल हिंसा पर पाकिस्तान के मौलाना से बातचीत का वीडियो सामने आने पर पुलिस जांच शुरू

**संभल (उप्र)/भाषा।** संभल जिले की पुलिस ने कथित तौर पर पाकिस्तान के एक मौलाना से यहां हाल में हुए दंगे के संदर्भ में एक व्यक्ति की बातचीत का वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई ने भरोसा दिया कि पुलिस मामले की सक्रियता से जांच कर रही है और तथ्य स्थापित होते ही उचित कदम उठाएगी। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद अकील नामक व्यक्ति एक ऑनलाइन मंच पर पाकिस्तान के कथित मौलाना से सलाह मशविरा करते हुए सुना जा सकता है।

चर्चा के दौरान, अकील सवाल करता है कि क्या हाल ही में हुई हिंसा में अपनी जान गंवाने वाले व्यक्तियों को शहीद माना जाना चाहिए। 24 नवंबर को संभल में अदालत के आदेश के बाद शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने मोहम्मद अकील की पहचान संभल जिले के निवासी के रूप में की है और मामले की जांच कर रही है।



## पंजाब में कई जगहों पर नहीं दिखाई गई 'इमरजेंसी', एसजीपीसी ने किया विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़/भाषा।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के खिलाफ पंजाब में कई जगहों पर सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में ज्यादातर जगहों पर फिल्म रिलीज नहीं हो पाई।

फिल्म में रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म 1975 से 1977 तक 21 महीनों के आपातकाल के दौरान के घटनाक्रम पर केंद्रित है। राजनीतिक पृष्ठभूमि की यह फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से प्रमाण पत्र मिलने में देरी और सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करने के आरोपों को लेकर विवादों में रही। फिल्म की रिलीज में कई बार देरी के बाद इसे शुक्रवार को देश भर में रिलीज किया गया। लुधियाना, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा के कई सिनेमाघरों में फिल्म नहीं दिखाई गई। राज्य में मॉल और सिनेमाघरों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। अमृतसर में प्रदर्शनकारियों को काले झंडे और तख्तियां लेकर जाते देखा गया, जिन पर लिखा था ''फिल्म 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए'' और ''फिल्म 'इमरजेंसी' का बहिष्कार हो''। एसजीपीसी के प्रताप सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमने फिल्म की रिलीज रोकने के लिए केंद्र सरकार और पंजाब सरकार से बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई...।'' उन्होंने कहा कि वे रिलीज रोकने के लिए इकट्ठा हुए हैं क्योंकि फिल्म पंजाब की शांति को भंग करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा, ''सिख पात्रों को आपत्तिजनक तरीके से चित्रित किया गया है।''

## बलिया में 40 लाख रुपए की हेरोइन के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र)/भाषा।** बलिया जिला मुख्यालय की शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बिहार निवासी पांच लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से 40 लाख रुपए मूल्य की 200 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृपा शंकर ने बताया कि मादक पदार्थों के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बलिया शहर कोतवाली पुलिस द्वारा जनेश्वर मिश्र सेतु स्थित पुलिस पिकेट पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक चार पहिया वाहन बिहार की तरफ से आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। इसपर वाहन चालक ने वाहने पीछे मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस टीम वाहन की तरफ दौड़ी तो गाड़ी का गेट खोलकर पांच लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को घेरकर पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान पिंटू कुमार, अरविन्द कुमार, लवकुश तिवारी, मुन्ना कुमार, विकास कुमार तिवारी (सभी बिहार राज्य के निवासी) के रूप में हुई।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में भगोड़ों के खिलाफ अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जाना चाहिए : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में लंबे समय से देश से फरार चल रहे भगोड़ों के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए शाह ने वंचितों को न्याय दिलाने के लिए एक मजबूत कानूनी सहायता प्रणाली की आवश्यकता पर भी जोर दिया और इस उद्देश्य के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए उचित कानूनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में लंबे समय से देश से फरार चल रहे भगोड़ों के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने उल्लेख किया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में ऐसे भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अनुपस्थिति में मुकदमे का प्रावधान शामिल है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) के तहत आवंटित धन का उपयोग केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सख्ती से किया जाए। चर्चा के दौरान, शाह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का सार प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय से फैसला आने तक तीन साल के भीतर न्याय प्रदान करना है। पिछले साल एक जुलाई को लागू हुए तीनों कानूनों-- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-- ने क्रमशः औपनिवेशिक भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली।

नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए, गृह मंत्री ने राज्य में जल्द से जल्द उनके 100 प्रतिशत कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज करने से पहले, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को यह मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या मामला उन धाराओं के लागू करने योग्य है। इन कानूनी प्रावधानों का कोई भी दुरुपयोग नए आपराधिक कानूनों की शुचिता को कमजोर करेगा।

## पूर्वोत्तर में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां मणिपुर में: मुख्यमंत्री बीरेन सिंह



**इंफाल/भाषा।** मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में मणिपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) के व्यवसाय पंजीकरण की संख्या सबसे अधिक है। सिंह ने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय की 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राज्य ने 2015 और 2019 के बीच 12,438 एमएसएमई व्यवसाय पंजीकृत किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र 'नए भारत का विकास इंजन' बनने के लिए तैयार है।

मणिपुर के लोगों के अत्यधिक उद्यमशील होने की बात पर जोर देते हुए सिंह ने कहा, '' केवल इस राज्य में 2015 और 2019 के बीच 12,438 एमएसएमई व्यवसाय हैं, जो पूर्वोत्तर में सबसे अधिक है। इनमें से 50 प्रतिशत व्यवसाय महिलाओं के स्वामित्व में हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या में मणिपुर की हिस्सेदारी 0.2 प्रतिशत है, जबकि एमएसएमई कारोबार में राज्य की हिस्सेदारी 0.3 प्रतिशत है।

# सिर्फ भाजपा में ही साधारण सदस्य पार्टी अध्यक्ष बन सकता है: हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें एक साधारण सदस्य भी समर्पित सेवा के माध्यम से पार्टी अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियों में वरिष्ठ पद अक्सर पारिवारिक संबंधों या आशीर्वाद पर निर्भर करते हैं, वहीं भाजपा कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को महत्व देती है। शर्मा ने लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया के निर्विरोध पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष चुने जाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आज का दिन हमारे लिए शुभ है लेकिन इसलिए नहीं कि हमें नया अध्यक्ष मिल रहा है बल्कि आज फिर से यह साबित हो गया है कि हमारी पार्टी में शीर्ष पद पर पहुंचने के लिए किसी को 'राजपरिवार' से होने की जरूरत नहीं है। एक साधारण 'स्वयंसेवक' अगर समर्पण के साथ काम करे तो वह भी अध्यक्ष बन सकता है।'' उन्होंने दावा किया, ''अगर हम कांग्रेस या अन्य पार्टियों को देखें, तो सबसे पहले यह विश्लेषण किया जाएगा कि उन्हें किसका 'आशीर्वाद' मिला है या वे किस 'परिवार' से हैं, तभी कोई शीर्ष पद पर पहुंच सकता है।''

शर्मा ने कहा कि भाजपा में हमेशा ऐसे साधारण कार्यकर्ताओं की तलाश रहती है, जिन्होंने अपने काम से खुद को असाधारण साबित किया हो। मुख्यमंत्री ने कहा, ''सैकिया के पिता का नाम भी कोई नहीं जानता। हम अपने पिता से प्रेरणा लेते हैं और उनके आशीर्वाद से हम अपना रास्ता खुद बनाते हैं।'' उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया है कि पार्टी में भाई-भतीजावाद न पनपने पाए और यह आम लोगों की पार्टी बनी रहे।



# ओलंपिक पदक का रंग उतरने से निराश स्वप्निल ने इसे बदलने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पेरिस ओलंपिक में मिले कांस्य पदक की चमक फीकी पड़ने से निराश निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने शुक्रवार को इस पदक को बदलने का अनुरोध किया ।

महाराष्ट्र के 29 साल के इस खिलाड़ी को पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में (451.4 स्कोर) कांस्य पदक मिला और इस वर्ग में पदक जीतने वाले वह पहले भारतीय निशानेबाज है। स्वप्निल ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अर्जुन पुरस्कार लेने के बाद इस सम्मान पर खुशी जताई लेकिन कहा कि पेरिस में उन्हें जो पदक मिला था, उसकी चमक अब फीकी पड़ने लगी है । उन्होंने 'भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''मेरे पदक की चमक उतर रही है। पेरिस से भारत आने के कुछ दिन बाद ही पदक का रंग उतरने लगा था, अब तो उस पदक का पूरा रंग उतर गया है। मैं इस बदलवाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ(आईओए) से बात करूंगा।'' उन्होंने कहा, '' ओलंपिक पदक किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी सफलता में से एक है और इतनी जल्दी इसका रंग उतर जाना निराशाजनक है।'' इससे पहले निशानेबाज मनु भाकर ने भी पेरिस ओलंपिक के पदक का रंग उतरने की शिकायत की थी।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पिछले दिनों इस बात को माना था कि दुनिया भर के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के पदकों का रंग उतरने की शिकायत कर रहे हैं। आईओसी ने कहा था कि 'क्षतिग्रस्त' पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल)' द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। स्वप्निल ओलंपिक राइफल स्पर्धा में देश के लिए पदक जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी है। उनसे पहले बीजिंग 2008 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण और लंदन 2012 में इसी स्पर्धा में गगन नारंग के कांस्य पदक हासिल किया था।

## बरेली में फर्जी प्रमाण पत्र से सहायक अध्यापक बनी पाकिस्तानी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बरेली (उप्र)/भाषा।** जिले के फतेहगंज पश्चिमी थाना में फर्जी प्रमाणपत्र के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल करने वाली कथित पाकिस्तानी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बरेली के अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी, फतेहगंज पश्चिमी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शुमायला खान के खिलाफ धोखाधड़ी और दस्तावेजों में हेराफेरी के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मिश्रा ने बताया कि शुमायला खान पर कूटरचित प्रमाण पत्रों के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी हासिल करने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुमायला खान ने नियुक्ति के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर के कार्यालय से जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर ने ही जांच रिपोर्ट दी है कि यह प्रमाण पत्र कूट रचित, त्रुटिपूर्ण है और शुमायला खान वास्तव में पाकिस्तानी नागरिक हैं। उन्होंने तथ्यों को छिपाते हुए कूटरचित निवास प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी हासिल की थी।



# सिंगापुर के राष्ट्रपति षणमुगरत्नम दो दिवसीय यात्रा पर ओडिशा पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम शुक्रवार को ओडिशा की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। इस दौरान सिंगापुर और ओडिशा के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्य सचिव मनोज आहूजा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति षणमुगरत्नम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम का भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री मोहन माझी द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह गर्व का क्षण है क्योंकि ओडिशा सम्मानित नेता की मेजबानी कर रहा है, जिससे मित्रता और सहयोग के बंधन मजबूत हो रहे हैं।'' सिंगापुर के राष्ट्रपति की यह यात्रा 28 और 29 जनवरी को होने वाले व्यापार सम्मेलन 'उत्कर्ष ओडिशा: मेक-इन-ओडिशा कॉन्क्लेव' से कुछ दिन पहले हो रही है।

सिंगापुर के राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान सिंगापुर और ओडिशा के बीच कम से कम आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। ये समझौते कौशल विकास, औद्योगिक बुनियादी ढांचे और टिकाऊ ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। महत्वपूर्ण समझौतों में से एक तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) को बढ़ाना है, जिसमें ओडिशा के कौशल विकास परिवेश को मजबूत करने के लिए सेमीकंडक्टर उद्योग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

एक अन्य समझौता ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ) और सिंगापुर के सेम्बकॉर्प के बीच होगा जो औद्योगिक अवसंरचना परियोजनाओं के लिए होगा। इसके अतिरिक्त, भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण (बीडीए) सिंगापुर के सुरबाना जुरोंग के साथ मिलकर एक नया शहर विकसित करेगा। हरित हाइड्रोजन गलियारा और पेट्रोकेमिकल एवं पेट्रोलियम निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) विकसित करने के लिए भी समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। षणमुगरत्नम का विश्व कौशल केंद्र का भी दौरा करने का कार्यक्रम है, जिसे एशियाई विकास बैंक से वित्त पोषण के साथ सिंगापुर के तकनीकी शिक्षा एवं शिक्षा सेवा संस्थान (आईटीईईएस) ने यहां स्थापित किया है। राष्ट्रपति षणमुगरत्नम 18 जनवरी को कोणार्क के सूर्य मंदिर और राज्य की राजधानी के बाहरी इलाके में भारत बायोटेक के टीका विनिर्माण संयंत्र का दौरा करेंगे।

## आयुष्मान भारत योजना भारत का सबसे बड़ा घोटाला: केजरीवाल



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को देश का 'सबसे बड़ा घोटाला' बताया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को राजधानी में इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में आयुष्मान भारत योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मेट्रो की सवारी में 50 प्रतिशत छूट के आम आदमी पार्टी के वादे की घोषणा की। केजरीवाल ने आयुष्मान योजना के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे खुशी है कि उच्चतम न्यायालय ने पुष्टि की है कि यह एक फर्जी योजना है। आयुष्मान भारत देश का सबसे बड़ा घोटाला है।

# प्रमुख विश्वविद्यालयों की बौद्धिक ईमानदारी को आरएसएस से खतरा : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों की बौद्धिक ईमानदारी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से खतरा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियुक्ति से संबंधित नियम का उद्देश्य केवल परिसरों में इस तरह की गैर-गंभीर राजनीति को बढ़ावा देना है।

रमेश ने एक खबर का हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली विवि (डीयू) के कई संकाय सदस्यों ने पत्रकार अशोक श्रीवास्तव की पुस्तक ''मोदी वर्सेस खान मार्केट गैंग'' पर विवि को परिसर में आयोजित परिचर्चा की निंदा की है। रमेश ने पोस्ट किया, ''हमारे प्रमुख विश्वविद्यालयों में बौद्धिक ईमानदारी को साजिश की कहानियों और बचकानी बातों से संबंधित आरएसएस की प्रवृत्ति के वायरस से खतरा है। एक घोर पक्षपातपूर्ण और गंभीरता के अभाव वाली पुस्तक के लिए एक कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था।'' उन्होंने दावा किया कि यह उस संस्थान के लिए घोर अपमान है जो एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान रहा है लेकिन अब आरएसएस की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करता है।'' रमेश ने आरोप लगाया कि नए यूजीसी नियम कुलपतियों की नियुक्ति और गैर-शैक्षणिक व्यक्तियों की नियुक्ति की अधिक केंद्रीय निगरानी की अनुमति देते हैं, और इनका उद्देश्य केवल परिसरों में इस तरह की गैर-गंभीर राजनीति को बढ़ावा देना है।

## ओलंपिक पदक की गुणवत्ता उच्च कोटि की होनी चाहिए: भाकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए ओलंपिक पदक से बड़ा कोई स्मृति चिन्ह नहीं है इसलिये इसकी गुणवत्ता उच्च कोटि की होनी चाहिए। पेरिस ओलंपिक के पदकों की चमक इन्हें दिए जाने के कुछ ही महीनों बाद फीकी पड़ गई है। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में भाकर द्वारा जीते गए दो कांस्य पदकों की चमकीली ऊपरी परत उखड़ गई जिससे उनका अंदर का हिस्सा दिख रहा है। उन्होंने और दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने पदक की चमक फीकी होने के मुद्दे को उठाया और उन्हें बदलने की मांग की। राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से नवाजे जाने के बाद 22 वर्षीय इस शीर्ष निशानेबाज ने पुष्टि की कि उनके पदकों की चमक फीकी पड़ गई थी।

खेल रत्न प्राप्त करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भाकर ने कहा, ''पदक मिलने के तुरंत बाद दो तीन दिन के अंदर ही चमक फीकी होनी शुरू हो गई। मैं यह अपने पदक को देखने के बाद कह सकती हूं। ओलंपिक पदक जीवन भर संजोकर रखने वाली चीज है क्योंकि उस पदक के साथ बहुत बड़ी याद जुड़ी होती है। ''

# टोक्यो ओलंपिक के बाद सीमित खिलाड़ियों पर ध्यान देना फायदेमंद रहा : निशानेबाजी कोच दीपाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसाले सहित कई निशानेबाजों की वैश्विक सफलता में अहम योगदान देने वाली पूर्व खिलाड़ी और कोच दीपाली देशपांडे ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में इस खेल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्होंने सीमित संख्या में खिलाड़ियों के साथ काम करने का फैसला किया।

कई वर्षों तक ओलंपिक, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशानेबाजों को प्रशिक्षण देने वाली दीपाली को शुक्रवार को यहां द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दीपाली के शिष्यों में स्वप्निल के साथ अर्जुन बबूता, अंजुम मौदगिल, अखिल श्योराण, सिफत कौर सामरा और श्रीयंका शदांगी भी शामिल है। स्वप्निल ने पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक मिला और इस वर्ग में पदक जीतने वाले वह पहले भारतीय निशानेबाज है। दीपाली ने दोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कहा कि टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने सिर्फ छह निशानेबाजों के साथ काम करना शुरू किया।

दीपाली ने कहा, '' हम 2016 (रियो ओलंपिक) के बाद 2021(टोक्यो) से हम खाली हाथ लौटे थे। इसके बाद मुझे लगा कि ओलंपिक पदक के सपने को साकार करने के लिए आपको कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहना होगा। आपकी यही मानसिकता होनी चाहिये और मेरी मानसिकता में भी यह बड़ा बदलाव आया था। मैंने इसी के अनुसार काम किया।''

## चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के क्रिकेट का अभ्यास कर रहे हैं रोहित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के प्रारूप में अपने कौशल को निखारने पर मेहनत कर रहे हैं । इंस्टाग्राम पर डाले एक वीडियो में 37 वर्ष के रोहित को अभ्यास सत्र में उनके चिर परिचित शॉट फ्लिक, ड्राइव, ऊंचे हिट और पूल लगाते देखा गया। आस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित मुंबई की रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं । मुंबई को 23 जनवरी को रणजी मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है लेकिन अभी तय नहीं है कि रोहित उसमें खेलेंगे या नहीं। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में पहला मैच खेलना है।

इससे पहले छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलनी है। रोहित आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में 31 रन ही बना सके और सिडनी में पांचवें टेस्ट से खराब फॉर्म के कारण खुद बाहर हो गए थे ।

## सुविचार

**धर्म की गति सूक्ष्म होती है। अगर तुम सुई में धागा डालने की कोशिश कर रहे हो, तो तुम तब तक सफल नहीं होगे जब तक धागे का एक भी रेशा टेढ़ा हो।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# वादों का हिसाब लें

दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक दल घोषणाओं के पिटारों से बड़ी-बड़ी योजनाएं निकाल रहे हैं। मुफ्त राशन, मुफ्त बिजली, मुफ्त सिलेंडर, मुफ्त यात्रा समेत कई चीजें और सुविधाएं मुफ्त देने के ये वादे कितने प्रासंगिक हैं? क्या किसी दल ने यह बताया है कि इनके लिए धन का प्रबंध कैसे किया जाएगा? पिछले एक दशक में मुफ्त चीजें और सुविधाएं देने की राजनीति को जिस तरह बढ़ावा मिला है, उसके मद्देनज़र कोई नेता या राजनीतिक दल इन पर सवाल उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। ये चीजें और सुविधाएं भले ही मुफ्त हों, लेकिन इनके निर्माण पर लागत आती है। उसकी भरपाई कहां से होगी? दिल्ली के लिए बहुत बड़ी चुनौती वायु प्रदूषण है। क्या किसी नेता के पास कोई योजना है, जिसके जरिए लोगों को साफ हवा मिलने का इंतजाम हो जाएगा? पिछले साल के आखिरी कुछ हफ्ते कितने मुश्किल गुजरे थे? दिल्ली में सरकारी स्कूल हैं, जिनकी 'उपलब्धियों' का सोशल मीडिया पर बहुत जिक्र होता है। आम आदमी पार्टी के कितने विधायक और वरिष्ठ नेता हैं, जिनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं? 'स्कूल होना' और 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होना' दो अलग-अलग बातें हैं। प्राय: सरकारी स्कूलों में वे बच्चे जाते हैं, जिनके माता-पिता प्राइवेट स्कूलों की फीस और अन्य खर्चे उठाने में सक्षम नहीं हैं। हर साल जब बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे आते हैं तो सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। टीवी स्टूडियो में बहुत बड़े बुद्धिजीवी आकर बताते हैं कि कुछ ऐसा कर दें, यह खर्च बढ़ा दें तो हालत सुधर सकती है, लेकिन समस्या की जड़ तक कोई नहीं जाता।

अगर सरकारी स्कूलों की हालत सुधारनी है तो जनप्रतिनिधियों और सरकारी कर्मचारियों के लिए कानूनी अनिवार्यता करें कि वे अपने बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ाएंगे। क्या दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसी नेता या दल ने इसके लिए आवाज उठाई? नागरिकों को कुछ मूलभूत सुविधाएं मुफ्त या नाममात्र के शुल्क पर जरूर मिलनी चाहिएं। जैसे- पानी, बिजली, राशन सबको मिलना ही चाहिए। ये सुविधाएं जनता को इस तरह दें, ताकि अन्य चीजों में सुधार आए। उदाहरण के लिए, इन योजनाओं के जरिए घर में ईवी / साइकिल, वर्षाजल संग्रहण प्रणाली, आस-पास सफाई, पेड़ आदि की अनिवार्यता कर दें तो कई समस्याएं दूर हो जाएंगी। याद करें, पिछले साल मई-जून में दिल्ली का तापमान क्या रिकॉर्ड बना रहा था? यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस पुष्टि कर चुकी है कि साल 2024 अब तक का सबसे ज्यादा गर्म साल रहा और ऐसा पहली बार है, जब पिछले साल का वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इस साल गर्मियों का मौसम कैसा होने वाला है? क्या पिछले अनुभवों से कोई सबक लिया? दिल्ली में कितने पौधे लगाए गए? उनकी सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए? अब डेढ़ महीने की सर्दी बची है। उसके बाद गर्मी ही गर्मी! क्या पानी की उपलब्धता के लिए कोई ठोस योजना बनाई गई है? बड़े राजनीतिक दल, जो दिल्ली की सत्ता में आने का दावा कर रहे हैं, वे ऐसा क्या करेंगे जिससे लोगों को टैंकरों पर आश्रित नहीं होना पड़ेगा? आम आदमी पार्टी के दिल्ली की सत्ता में आने के बाद उपराज्यपाल कार्यालय के साथ खींचतान सुर्खियों में रही है। राष्ट्रीय राजधानी में अपराध और कानून व्यवस्था का मुद्दा भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया 'नमक-मिर्च' लगाकर उठाता है। क्या राजनीतिक दलों के पास ऐसी योजना है, जिससे वे हमारे देश की राजधानी को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं? मुद्दे तो कई हैं, जनता उनसे परिचित भी है। क्या वह जनप्रतिनिधियों के उन वादों का हिसाब लेगी, जो पिछले चुनाव में किए गए थे? वादों का हिसाब लें, अन्यथा वे घोषणापत्रों में ही रह जाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में कल दोपहर करीब 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपने का सौभाग्य मिलेगा।

**-राज्यवर्धनसिंह रठौड़**



पैरालंपिक-2024 में रजत पदक जीतकर समस्त देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली जयपुर की बेटी मोना अग्रवाल जी को महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

**-दीया कुमारी**




पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी 'भारत मोबिलिटी एक्सपो' में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलायां।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# श्रद्धा और भक्ति



स्वामी प्रभुपाद भक्तिवेदांत के अमेरिकन शिष्य प्रयाग के कुंभ पर्व में नंगे पैर घूम-घूम कर 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे' के संकीर्तन से आसमान को गुंजा रहे थे। किसी व्यक्ति ने एक अमेरिकन श्रीकृष्ण भक्त से पूछा, 'आप भीषण गर्मी में भी तपती रेत में नंगे पांव क्यों घूमते हो? जूते क्यों नहीं पहनते?' 'आप जब मंदिर जाते हैं तब क्या जूते पहने रहते हैं?' विदेशी वक्त ने उससे पूछा। 'नहीं, मंदिर में तो जूते पहन कर नहीं जाते'उसने उत्तर दिया। अमेरिकन श्रीकृष्ण भक्त ने भाव विभोर होकर कहा, 'हमारे इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि, जन्मभूमि पूरा भारत हमारे लिए परम पावन मंदिर है, तीर्थ है। हम इस पावन तीर्थ में जूते पहनकर कैसे विचरण कर सकते हैं?' पास खड़े अनेक व्यक्ति, विदेशी श्रीकृष्ण-भक्त की अनन्य भक्ति देखकर गदगद हो उठे।

## सामयिक

# धर्म बाँटने की नहीं बल्कि जोड़ने की जीवन पद्धति

ललित गर्ग

मोबाइल : 9811051133

विश्व धर्म दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरुआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। आज की दुनिया में, जहाँ सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है।

''भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।'' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है। पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है।

**धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता।**



इन दिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं। सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है।

धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग-एक अरब पचास करोड़ की आबादी में-सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, -दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है?

पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है। धर्म शून्य व्यक्ति बाहर से सब कुछ पाकर भी अंतस में रिक्तता का अनुभव करता है। धार्मिक व्यक्ति वस्तु जगत की न्यूनता को भी आंतरिक संपदा के कारण पूर्णता में बदल देता है। क्योंकि वह जानता है पदार्थ सापेक्ष सुख अस्थायी है। धार्मिक आस्था और सम्यक आचरण से होने वाली सुखानुभूति स्थायी होती है। भारतीय मनीषा में धर्म केवल ईश्वरीय आस्था ही नहीं है, वह वैश्विक व्यवस्था है। सृष्टि का सार्वभौम, सर्वकालिक नियम है। जीवन पद्धति है। धर्म मजहबी विश्वास या बंधन नहीं है। वह आंतरिक प्रकाश है, ज्ञान और आनंदमयी चेतना का स्पंदन है। धर्म वह आचार-संहिता है, जिसमें सर्वोदय-सबका अभ्युदय, सबका विकास निहित है। इसलिये विश्व धर्म दिवस मनाते हुए हमें धर्म के वास्तविक स्वरूप को अंगीकार करना चाहिए।

धर्म मनुष्यता का मंत्र है, उन्नति का तंत्र है। पशुता को मनुजता में रूपांतरित करने का यंत्र है। धर्म एक मर्यादा है, वह जीवन को मर्यादित करता है। व्यक्ति और समाज की उच्छृंखल वृत्तियों-प्रवृत्तियों का नियमन करता है। धर्म सम्मत जीवन वह है, जहां मनुष्य किसी भी प्राणी को हानि पहुंचाएं बिना नैतिक समाज में अपनी मिसाल खड़ी कर सके। बिना किसी को कष्ट दिए, स्वयं सत्कर्म में लगा रहे। क्योंकि धर्म उत्कृष्ट मंगल है- समस्त विघ्न, बाधाओं, कष्टों का निवारक,

## नजरिया

# अफ़गानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव और तालिबान

प्रियंका सौरभ

मोबाइल : 7015375570

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और संपर्क जैसे राष्ट्रीय हितों को सहायता, शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने वाले एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को उजागर करता है। रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए, भारत की अफ़गानिस्तान नीति विकसित वास्तविकताओं के अनुकूल है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लेखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दर्शाता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50,000 मीट्रिक टन गेहूँ और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफ़गान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अफ़गान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के ख़िलाफ़ नहीं किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफ़गान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बाँध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है। भारत अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान छात्रों का समर्थन करता है और चिकित्सा पर्यटन की सुविधा देता है, जो दीर्घकालिक सांस्कृतिक और मानवीय सम्बंधों को दर्शाता है। हजारों अफगान छात्र भारत में शिक्षित होते हैं, जो लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव का आगे का रास्ता क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत को अफगान स्थिरता सुनिश्चित करने और पाकिस्तान या चीन जैसे विरोधी देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मध्य एशिया, ईरान और रूस को शामिल करते हुए बहुपक्षीय प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। काबुल में राजनयिक मिशनों को मज़बूत करना और उदारवादी तालिबान गुटों के साथ संवाद बढ़ाना सम्बंधों और मानवीय सहायता वितरण को संतुलित कर सकता है।

अफगानिस्तान में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों को फिर से खोलना आपसी समझ के केंद्र के रूप में काम कर सकता है। स्थिरता में आर्थिक निवेश: अक्षय ऊर्जा, कृषि और छोटे उद्यमों में निवेश का विस्तार भारत के क्षेत्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर कर सकता है। अफगान सौर ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने से रोजगार पैदा हो सकते हैं और विदेशी सहायता पर निर्भरता कम हो सकती है। भारत को स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहायता बढ़ानी चाहिए, ताकि अफ़गानिस्तान की स्थिरता और विकास सुनिश्चित हो सके। भारत को तालिबान पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आतंकवादी संगठनों को बेअसर किया जा सके और उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर सहयोग करने से भारत के सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा मिल सकता है।

**भारत की संतुलित अफ़गानिस्तान नीति मानवीय प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक चिंताओं को सम्बोधित करने में इसकी व्यावहारिकता को दर्शाती है। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए तालिबान के साथ जुड़ाव सतर्क लेकिन आवश्यक है। भविष्य के प्रयासों में भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के अनुरूप समावेशी विकास पर ज़ोर देना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राष्ट्रीय और वैश्विक जिम्मेदारियाँ निरंतर शांति और सहयोग के लिए संरेखित हों।**

भारत-अफगानिस्तान सम्बंधों में कई बाधाएँ हैं, जिनमें पाकिस्तान की भूमिका शामिल हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती उपस्थिति को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए ख़तरा मानता है, तथा उसने अफगानिस्तान के साथ अपने सम्बंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों ही आतंकवाद के निशाने पर हैं और अफगानिस्तान में अल-कायदा जैसे आतंकवादी समूहों की निरंतर उपस्थिति भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे गरीब और कम विकसित देशों में से एक है और सलमा बाँध और संसद भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश में निवेश करने के भारत के प्रयास सुरक्षा मुद्दों, भ्रष्टाचार और अन्य चुनौतियों के कारण बाधित हुए हैं। हाल के वर्षों में चीन अफगानिस्तान में तेजी से सक्रिय हो गया है और इससे क्षेत्र में तालिबान के साथ चीन के बढ़ते प्रभाव और जुड़ाव को लेकर भारत में चिंताएँ पैदा हो गई हैं। अफगानिस्तान विश्व में अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक है और मादक पदार्थों के व्यापार ने इस क्षेत्र में अस्थिरता और हिंसा को बढ़ावा दिया है, जिससे भारत और अफगानिस्तान दोनों प्रभावित हुए हैं।अफ़गानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफ़गानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ सम्बंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। तालिबान ने भारत को काबुल में अपना मिशन पुनः खोलने के लिए प्रोत्साहित किया, देश के लिए सीधी उड़ानें पुनः शुरू कीं तथा अफगान सैन्य प्रशिक्षुओं को भी स्वीकार किया। भारत को अफगानिस्तान के प्रति एक दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों को एक व्यापक रणनीति के ढांचे के भीतर एक सुसंगत समग्रता में पिरो सके।

भारत की अफगान नीति क्षेत्र में भारत के रणनीतिक लक्ष्यों तथा क्षेत्रीय और वैश्विक रणनीतिक परिवेश की स्पष्ट समझ पर आधारित होनी चाहिए। दोनों पक्षों यानी भारत और तालिबान के लिए यह आवश्यक है कि वे एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखें और कूटनीतिक और आर्थिक सम्बंधों में सुधार करें। भारत को अफ़गानिस्तान में अपना निवेश बढ़ाना चाहिए, ख़ास तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इससे अफ़गान अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने और रोज़गार पैदा करने में मदद मिलेगी, साथ ही अफ़गानिस्तान के साथ भारत की आर्थिक भागीदारी भी गहरी होगी।

भारत की संतुलित अफ़गानिस्तान नीति मानवीय प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक चिंताओं को सम्बोधित करने में इसकी व्यावहारिकता को दर्शाती है। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए तालिबान के साथ जुड़ाव सतर्क लेकिन आवश्यक है। भविष्य के प्रयासों में भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के अनुरूप समावेशी विकास पर ज़ोर देना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राष्ट्रीय और वैश्विक जिम्मेदारियाँ निरंतर शांति और सहयोग के लिए संरेखित हों।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत











# महाकुंभ में काशी आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीतलहर को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवासों पर अलाव, शौचालय, सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गंगा घाटों पर कड़े सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने बस स्टैंड पर उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

बयान में कहा गया है, ''महाकुंभ के दौरान काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।'' इसमें कहा गया है, ''उन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कहा और महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड और पीआरडी कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनकी तैनाती करने के निर्देश दिए।'' मुख्यमंत्री ने 24 घंटे सघन गश्त के महत्व पर बल दिया और पुलिस को ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों और होटलों, छात्रावासों और होमस्टे में ठहरने वाले मेहमानों की गहन जांच करने का निर्देश दिया, ताकि अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा सके और उन्हें रोका जा सके।

साइबर अपराध से निपटने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अधिकारियों से शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण और पहुंच के प्रयासों सहित व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और हुक्का बार जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आगामी 'काशी तमिल संगमम' की तैयारियों की




भी समीक्षा की और अधिकारियों को इसका सुचारू और सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस आयोजन में बेहतर समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट को लंबित राजस्व मामलों के गुण-दोष के आधार पर समाधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। वरुणा रिवरफ्रंट परियोजना के संबंध में उन्होंने आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने के लिए पहले दिए गए निर्देशों को दोहराया तथा वाराणसी-विंध्य क्षेत्र विकास पहल के तहत प्रस्तावित कार्यों के तेजी से क्रियान्वयन पर जोर दिया। वाराणसी में सीवरेज लीकेज की समस्या पर उन्होंने जल निगम (शहरी) तथा नगर निगम को इन समस्याओं का व्यापक समाधान करने तथा सड़कों और गलियों में सीवर ओवरफ्लो की किसी भी शिकायत को रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार पर भी जोर दिया।


मुख्यमंत्री ने जल निगम के पाइपलाइन बिछाने के कार्य से प्रभावित सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए शहर को साफ-सुथरा और सिंगल-यूज प्लास्टिक से मुक्त रखने में समुदाय और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण और चौड़ीकरण परियोजनाओं से प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया। कानून-व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने किसान यूनियन और ट्रेड यूनियन गतिविधियों की आड़ में व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने सजा पूरी कर चुके विचाराधीन कैदियों पर निर्णय लेने में तेजी लाने और उनकी समय पर रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।



# सात करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी

महाकुंभ नगर। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में श्रद्धालुओं का आना और गंगा और त्रिवेणी में डुबकी लगाना अनवरत जारी है। मेला प्रशासन के मुताबिक 11 जनवरी से 16 जनवरी तक इन छह दिनों में सात करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक बृहस्पतिवार को ही 30 लाख से ज्यादा लोगों ने महाकुंभ में गंगा में स्नान किया। राज्य सरकार को महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोगों के आने का अनुमान है। प्रयागराज में कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं और स्नान करने वालों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है।

पूरे देश और दुनिया से त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 लाख से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया जिसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल हैं। महाकुंभ शुरू होने से पहले 11 जनवरी को लगभग 45 लाख लोगों ने स्नान किया तो वहीं 12 जनवरी को 65 लाख लोगों के स्नान करने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। महाकुंभ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर 1.70 करोड़ लोगों ने स्नान कर रिकॉर्ड बनाया तो अगले दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति अमृत स्नान के अवसर पर 3.50 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। इस तरह, महाकुंभ के पहले दो दिनों में 5.20 करोड़ से ज्यादा लोगों ने डुबकी लगाई।





# झारखंड में जी20 सम्मेलन के लिए लाए गए दो क्रूज महाकुंभ के लिए भेजे जाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामगढ़ (झारखंड)। मार्च 2023 में जी20 प्रतिनिधियों के लिए झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू लेक रिजॉर्ट में लाए गए पूरी तरह से वातानुकूलित दो मल्टी-सीटर क्रूज को महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज भेजा जाएगा। झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के एक अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में रिजॉर्ट में संचालित 65 सीट वाले और 100 सीट वाले दोनों क्रूज को एक बड़े ट्रेलर की मदद से प्रयागराज ले जाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि जेटीडीसी ने गुजरात की एक कंपनी से 65 सीट वाला वातानुकूलित क्रूज मंगवाया था। हालांकि, यातायात संबंधी समस्या के कारण यह प्रतिनिधियों के रामगढ़ दौरे के एक दिन बाद पहुंचा, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिनिधि इस लग्जरी क्रूज का लुत्फ नहीं उठा पाए। अब इस क्रूज को प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए फिर से तैयार किया जाएगा। पतरातू लेक रिजॉर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक अरुण सिंह ने पुष्टि की कि दोनों क्रूज प्रयागराज भेजे जाएंगे। गुजरात स्थित अंटार्कटिका सीवर्ल्ड कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक शशांक कुमार ने बताया कि क्रूज को भेजने के लिए ट्रेलर पर लादने की प्रक्रिया चल रही है।









त्रिवेणी संगम पर साधु से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो के जेबीएन वी-प्रेन्योर्स रेफरल समूह द्वारा व्यवसायिक दर्शन का आयोजन किया गया, जिसे तहत रेफरल लीड नीलम सांड ने अपने कार्यालय जयनगर के मनोरंजन फैब्रिक्स में आयोजित किया।

# पैलेस ग्राउंड पर कल सजेगा श्याम सरकार का अनोखा दरबार

## भजन संध्या को लेकर श्याम भक्तों में विशेष उत्साह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के पैलेस ग्राउंड स्थित ग्रांड कैंसल सभागार में रविवार को शाम 4.15 बजे से खाटू वाले बाबा श्याम का विशेष दरबार व 'श्याम सरकार का अनोखा दरबार' नाम से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

शहर के सिरे-मोती सिंघवी परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजकों ने बताया कि निमाज के रामस्नेही उत्तराधिकारी रामद्वारा के संतश्री सोहनरामजी महाराज व जोधपुर के बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत परमहंस रामप्रसादजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में राजस्थान के खाटू श्याम के प्रतापसिंह चौहान व पवन पुजारी, महाकाल उज्जैन के यश पुजारी व दिनेश द्विवेदी सालासर बालाजी धाम के अनूप पुजारी, जीणमाता धाम के कमल पुजारी, मधुबन प्रधान खाटू के संजीव मित्तल, दिल्ली के एनएन बंसल व कोलकाता के अभिषेक राजगढ़िया आदिउपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में विशेष कलाकारों द्वारा बाबा का अनोखा दरबार सजाया जाएगा। भजन संध्या में कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार संजू शर्मा, मुम्बई की गायिका यति किशोरी, मनासा नीमच की गायिका कनिका ग्रोवर व फतेहाबाद की गायिका परविंदर पलक आदि कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। कोलकाता के कन्हैया बबलू म्यूजिकल ग्रुप संगीत की प्रस्तुति देगा। आयोजकों ने इस आयोजन में सभी श्याम भक्तों को आमंत्रित किया है।



# 'एसपीएल' क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी पंजीकरण प्रारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सीरवी समाज ट्रस्ट पश्चिम एवं सीरवी स्पोर्ट्स एण्ड कल्चरल क्लब सुकंदकट्टे के तत्वावधान में दो दिवसीय 'एसपीएल-2025' का आयोजन 1 व 2 मार्च को मागड़ी रोड़ स्थित आईजी वाटिका देवमाच्चोहल्ली में खेला जाएगा। खेल मंत्री तरूण काग ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के पंजीकरण का कार्य एक समारोह में शुरु कर दिया गया है।

इस आयोजन में खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाने के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब के कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र गेहलोत, प्रकाश चोयल, मीठालाल परिहार, गौतम मुलेवा, राकेश सोलंकी, सोहन भायल, सुनील परिहार आदि उपस्थित रहे।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के अविनाश योगा एंड एरोबिक इंस्टीट्यूट द्वारा हेब्बाल स्थित यूएसएस विद्यालय सभागार में नेशनल योगासन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने योग कला का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। इस मौके पर मुणोत के सामाजिक योगदान को देखते हुए संस्थान की ओर से उन्हें 'स्वामी विवेकानंद आइकन अवार्ड' से सम्मानित किया गया।



# जेबीएन वी-प्रेन्योर्स की सदस्याओं ने फैब्रिक व्यवसाय के बारे में जाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो के जेबीएन वी-प्रेन्योर्स रेफरल समूह द्वारा व्यवसायिक दर्शन का आयोजन किया गया, जिसे तहत रेफरल लीड नीलम सांड ने अपने कार्यालय जयनगर के मनोरंजन फैब्रिक्स में आयोजित किया।

इस आयोजन में जेबीएन के कुल 17 सदस्य, लेडीज विंग साउथ की पूर्व चेयरपर्सन सुनीता गांधी और जेएलडब्ल्यू की सदस्य निशा जैन की उपस्थिती रहीं। नीलम सांड ने अपने व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनोरंजन फैब्रिक्स प्रतिष्ठान तीन दशकों से भी अधिक पुराना है। उन्होंने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में 50 से लेकर 10 हजार रुपए मीटर के फैब्रिक्स विभिन्न डिज़ाइनों, रंगों और गुणवत्ता में उपलब्ध है। उन्होंने अपने व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नीलम सांड ने सभी सदस्याओं को उपहार दिए। रेफरल लीड लताशा भंडारी और रेफरल सेक्रेटरी ज्योति कोचट्टा ने नीलम सांड को धन्यवाद दिया।

# महाकुंभ में राजस्थान सरकार के खास इंतजाम : श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क सुविधाएं

जयपुर। राजस्थान सरकार ने महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर, राजस्थान मंडप में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क सुविधाओं का इंतजाम किया गया है, जिससे यह मंडप राजस्थान के भक्तों के लिए एक सहारा बन गया है।

B.B.U.L.
Jain Vidyalaya
Affiliated to CBSE, Delhi
Managed by: Shree Mahaveer Jain Shikshan Sangh

Admissions Open for
Nursery (3 Years) | LKG (4 Years) | UKG (5 Years)

DISTINCTIVE FEATURES
- NEP Based Curriculum
- Conducive Environment
- Nursery activity lab
- Assured Quality Education
- Transport facility available
- Colourful class rooms
- State-of-the-Art infrastructure
- Smart Boards to Enhance Learning
- Focus on Holistic and all round development
- Audio visual and play-way method of teaching
- Qualified, dedicated and inspiring faculty
- Sports facilities, cultural events and field trips
- Secured campus with CCTV Survelliance

100% Results in AISSE
Application forms will be issued from 20.01.2025

080 2242 2936 / 080 4155 4379, Mob: +91 77954 82 145
E-Mail: admission.bbuljv@gmail.com | enquiry.bbuljv@gmail.com
Website: bbuljainvidyalaya.org
For further details contact the School Office:
#84, K.R. Road, Shankarapuram, Bangalore – 560 004
Timings: Mon – Fri - 9.00AM to 4.00PM; Sat: 9.00AM to 12.00Noon




Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com